राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांकः 02.11.2022

आयोग द्वारा OTR की चार मुख्य प्रविष्टियां (अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म दिनांक एवं लिंग) में संशोधन हेतु पूर्व में दिनांक 25.06.2022 से दिनांक 24.07.2022 तक निःशुल्क अवसर प्रदान किया गया था, परन्तु इसके पश्चात भी कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा OTR में संशोधन हेतु अभ्यावेदन प्राप्त हो रहे हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए OTR की उक्त चार प्रविष्टियों को मूल दस्तावेज के अनुसार SYNC कराने हेतु पुनः अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

1. OTR की उक्त चार प्रविष्टियों (अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म दिनांक एवं लिंग) को SYNC करने की अवधि दिनांक 05.11.2022 से 14.11.2022 तक रहेगी।
2. OTR को SYNC करने हेतु अभ्यर्थी को ई–मित्र/ऑनलाईन बैंकिंग के माध्यम से रूपये 500/– का शुल्क जमा कराना होगा।
3. इससे OTR की उक्त चार प्रविष्टियों का OTR Profile के अलावा उन्हीं आवेदन पत्रों में संशोधन होगा, जिनकी परीक्षा आगामी माह से प्रस्तावित है। पूर्व में आयोजित की जा चुकी परीक्षाओं के आवेदन पत्रों में OTR की उक्त प्रविष्टियों में कोई संशोधन नहीं होगा।

उपरोक्त संशोधन के संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर **recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in** पर ई–मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(हरजी लाल अटल)
सचिव